








नवभारत 10

सतना, बुधवार 10 जून, 2026


# एक सप्ताह की राहत के बाद तापमान फिर पहुंचा 43 डिग्री

## 24 घंटे के अंदर बूंदाबांदी की संभावना, दिन भर चलती रहीं गर्म हवाएं, सड़कों पर रहा सन्नाटा

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, एक सप्ताह की राहत भरी ठंड के बाद फिर से आसमान से आग बरसने लगी है. दो दिन से तापमान तेजी से बढ़ा है, मंगलवार को 43 डिग्री तापमान पहुंच गया और दिन भर तेज धूप के साथ गर्म हवाएं चलती रही. लिहाजा सड़को पर सन्नाटा रहा. मौसम विभाग ने 24 घंटे के अंदर जिले के कई हिस्सों में बूंदाबांदी की संभावना जताई है.**



गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व हुई बूंदाबांदी और बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने के बाद मौसम में ठंड रही और तापमान 38 डिग्री के नीचे था. सोमवार को तापमान जहा 39 डिग्री पहुंचा, वही दूसरे दिन मंगलवार को सीधे 43 डिग्री तापमान पहुंच गया. जबकि जून के महीने में इतना तापमान नही होना चाहिये. रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा जो कि अभी तक 21 और 22 डिग्री होता था. 15 जून से मानसून दस्तक देता है लेकिन जिस तरह से अभी स्थित बनी हुई है उससे नही लगता कि समय पर मानसून दस्तक देगा. दिन भर तेज धूप के साथ भीषण गर्मी रही. सुबह 8 बजे से ही धूप का असर तेज था और दोपहर सड़को पर सन्नाटा रहा. अन्य दिनो के अपेक्षा लोग सड़को में दिखाई कम दिये. वही 10 किलो मीटर प्रति घंटा की रफ्तार से कर्म हवाएं चलती रही. शाम के बाद तेज हवाएं चली, कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी भी हुई. तेज हवा के चलते टीन टप्पर उड़ गये और विद्युत लाइनो में पेड़ की टहनियां गिरने से विद्युत आपूर्ति भी शहर में बाधित रही. प्रदेश के अन्य जिलो में तेज बारिश के साथ तापमान में गिरावट आई है. मौसम विभाग की माने तो सब कुछ ठीक रहा तो मानसून समय पर आ जाएगा. अभी गर्मी से राहत नही मिलेगी, बूंदाबांदी के बाद उमस भरी गर्मी बढ़ जाएगी, भले ही तापमान कम हो जाय पर गर्मी से राहत नही मिलेगी. इस साल गर्मी अच्छी पड़ी तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया. जिस तरह से अभी धूप और गर्मी पड़ रही है उससे लग रहा है कि तापमान 45 डिग्री तक फिर पहुंचेगा.

### किसानों ने शुरू की बोनी की तैयारी

मानसून के दस्तक देने के साथ ही किसान अपनी आषाढ़ की बोनी शुरू कर देगे. गर्मी के बीच खेतो में गहरी जुताई इस समय किसान कर रहे है और जैसे ही मानसून पहुंचेगा उसके बाद बोनी शुरू कर दी जाएगी. आषाढ़ से किसान खरीफ की बोनी शुरू कर देते है अभी से खाद, बीज एकत्र करना किसानो ने शुरू कर दिया है. खाद और बीज की मारामारी न हो इसके लिये इस बार पहले से ही किसान अपनी तैयारी में लग गये है. सहकारी समितियों में खाद बीज नही है 15 जून के बाद जैसे ही मानसून की बारिश तेज होगी बोनी के लिये खाद-बीज की मांग तेजी से बढ़ेगी और फिर मारामारी शुरू हो जाएगी. इस समय किसान खेत तैयार करने में लगे हुए है.





# संजय गांधी अस्पताल की बंद पड़ी तीन लिफ्ट, मरीज परेशान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, संजय गांधी अस्पताल की व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है. मरीजो को कभी स्ट्रेचर-व्हील चेयर नही मिलती तो कभी उन्हे सीढियो से चढ़कर जाना पड़ता है. लिफ्ट की व्यवस्था का लाभ मरीजो और उनके परिजनो को नही मिल रहा. तीन बड़ी लिफ्ट बंद पड़ी है**

रीवा संभाग के सबसे बड़े संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में लिफ्ट सेवा बदहाल है. मरीजों की सुविधा के लिए लगी 5 बड़ी लिफ्टों में से 3 पूरी तरह बंद पड़ी हैं. सिर्फ 2 लिफ्ट चालू होने से गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है. चार मंजिला अस्पताल में स्ट्रेचर और व्हीलचेयर से मरीजों को रैंप के रास्ते ले जाना पड़ रहा है, जिससे अटेंडर बेहद परेशान है. हैरानी की बात है कि कुछ समय पहले ही मरीजों की सहूलियत के लिए 3 नई बड़ी लिफ्टें लगवाई गई थी. लेकिन इनमें से एक नई लिफ्ट के साथ ही 2 पुरानी लिफ्ट भी बंद हैं. वर्तमान में सिर्फ 2 बड़ी लिफ्ट ही चालू हालत में हैं. इस अव्यवस्था के कारण गंभीर मरीजों को ऊपर-नीचे ले जाने में भारी दिक्कत हो रही है. अस्पताल में कुल मिलाकर 2 छोटी और 5 बड़ी मिलाकर 7 लिफ्ट हैं. चिकित्सकों और स्टाफ के लिए लगी दोनों छोटी लिफ्टें चालू हैं, लेकिन मरीजों के लिए बनी 5 बड़ी लिफ्टों में से सिर्फ 2 ही काम कर रही हैं. इस तरह कुल 7 में से सिर्फ 4 लिफ्ट ही संचालित हैं. यदि सभी लिफ्ट चालू हो जाएं तो मरीजों का लंबा इंतजार खत्म हो सकता है.

### मजबूरी में रैम्प से मरीज को ले जा रहे

लिफ्ट सेवा सुचारू रूप से संचालित न होने की वजह से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को काफी परेशानी हो रही है. परिजनों को मरीजों को सीढ़ियों या रैंप से खींचकर ले जाना पड़ रहा है. अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से इलाज के लिए आए मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. लेकिन इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है.

# रीवा संभाग ई आफिस में लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, प्रशासनिक नवाचार के तहत ई आफिस व्यवस्था लागू की गई है. अब कार्यालयों के अंदर तथा अन्य कार्यालयों में फाइलों का संचालन ऑनलाइन माध्यम से हो रहा है.**

ई आफिस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करके रीवा संभाग में संभागीय रैंकिंग में अक्टूबर माह से लगातार प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि रीवा संभाग में कुल 22384 फाइलें ई आफिस में क्रिएट की गईं तथा 85117 फाइलों का मूवमेंट हुआ. प्रदेश में दूसरे स्थान पर नर्मदापुरम संभाग है, जिसमें 6540 फाइलों का क्रिएशन तथा 53486 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. तीसरे स्थान पर ग्वालियर संभाग है. इसमें 3649 फाइलों का क्रिएशन तथा 39164 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश स्तर में संभाग और जिलों की सामूहिक रैंकिंग में सभी जिले और संभाग शामिल किए गए हैं. इनकी कुल संख्या 65 है. इस रैंकिंग में रीवा जिला 12वें स्थान पर है. रीवा जिले में 10611 फाइलें क्रिएट हुई हैं तथा 67499 फाइलों का मूवमेंट हुआ है. रैंकिंग में सिंगरौली जिला 41वें, मऊगंज जिला 52वें, सतना जिला 46वें, सीधी जिला 43वें तथा मैहर जिला 49वें स्थान पर है.

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को ई आफिस प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने तथा सभी जिला कार्यालयों में इसे दृढ़ता से लागू कराने के निर्देश दिए हैं.

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, लगी आग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, जिले के सोहागी थाना के त्योंथर क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई.**

हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया. दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर में आग भी लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक सूरज मिश्रा को बाहर निकाला. घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया. जहा उसकी हालत सामान्य बताई गई है. थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि सोहागी थाना क्षेत्र के बजरा गांव में एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गया था जिसके चलते चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया था. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची.

## संक्षिप्त

### जन परामर्श बैठक आज

**रीवा,** समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य कानूनविद अनूप नायर की अध्यक्षता में जन परामर्श बैठक 10 जून को सुबह 10.30 बजे रीवा स्थित कन्या महाविद्यालय के आडिटोरियम में आयोजित की गई है. जिले के समस्त राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों, बारकाउसिल, महिला एवं बाल विकास अधिकार संरक्षण से संबंधित गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्य, सामाजिक संगठन तथा विभिन्न समुदाय के प्रतिनिधि बैठक में भाग लेंगे. सभी से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है.

### वनाधिकार एक्ट की संभागीय कार्यशाला आज

**रीवा,** वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के संबंध में संभागीय कार्यशाला 10 जून को आयोजित की गयी. कार्यशाला कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया कि कार्यशाला में आयुक्त सह संचालक जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं भोपाल के विषय विशेषज्ञों द्वारा सामुदायिक वन संसाधनों के प्रबंधन के संबंध में अवधारणा तथा प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी. संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर, वन मण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सहायक आयुक्त तथा जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग, सभी एसडीएम तथा एसडीओ वन कार्यशाला में शामिल रहेंगे.



### कमिश्नर व अन्य अधिकारी ई रिक्शा से पहुंचे कार्यालय

**रीवा,** रीवा में पेट्रोलियम पदार्थों की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अगस्त 2025 से लगातार अभियान चलाया जा रहा है. कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल पर मंगलवार को संभागीय अधिकारी साइकिल, ई रिक्शा अथवा इलेक्ट्रानिक वाहन से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचते हैं. कमिश्नर श्री जामोद तथा अन्य अधिकारी ई रिक्शा से कार्यालय पहुंचे. रीवा में पिछले 42 सप्ताहों से पर्यावरण संरक्षण और पेट्रोलियम पदार्थों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया जा रहा है. इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा है कि अधिकारी, कर्मचारी और आमजन सभी सप्ताह में एक दिन पेट्रोलियम पदार्थों से चलने वाले वाहन के उपयोग के स्थान पर साइकिल तथा इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग करें. पेट्रोलियम की बचत के छोटे-छोटे प्रयासों से हम देश के विकास में बड़ा योगदान दे सकते हैं.

### बरसात के पहले नाला सफाई में जुटा नगर निगम

**रीवा,** महापौर एवं निगमायुक्त के निर्देशानुसार नगर निगम रीवा द्वारा वर्षाकाल को देखते हुए जलभराव की समस्याओं को रोकने तथा स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ बनाने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नाला एवं नालियों की सफाई का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है. इसी क्रम में 09 जून को नगर निगम की नाला गैंग द्वारा वार्ड क्रमांक 22 स्थित अमहिया में राम गरीब मिश्रा के घर के सामने एवं चक्की वाले के सामने नाली का चेंबर खोलकर सफाई कराई गई. इसी प्रकार गल्ला मंडी संतोषी माता मंदिर के बगल से लेकर बकरा मीट मार्केट होते हुए धनपत के घर के पीछे तक का बड़ा नाला साफ कराया गया. वार्ड क्रमांक 35 श्रम कल्याण के पीछे बड़े नाले एवं नालियों की सफाई कराई गई. सफाई के दौरान नाला एवं नालियों में जमा मलबा एवं कचरा निकालकर उसका तत्काल उठाव कराया गया. साथ ही सफाई अभियान के दौरान निकले कचरे, गाद एवं मलबे का टेंपो एवं ट्रैक्टरों के माध्यम से उठाव कराया गया. साथ ही नालों पर किए गए अतिक्रमण हटाने का कार्य भी जारी है.

# कमिश्नर ने 15 तहसीलदारों की रोकी वेतनवृद्धि

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के विभिन्न जिलों के 15 तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों की वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए हैं. इन राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों में आरसीएमएस पोर्टल में निर्धारित समय सीमा में निराकरण न करने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया था.**

नोटिस के बावजूद लंबित प्रकरणों में समुचित कार्यवाही न करने पर 15 राजस्व अधिकारियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत आगामी वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश दिए गए हैं. जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार रीवा जिले के त्योंथर के प्रभारी तहसीलदार राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला की एक तथा नायब तहसीलदार हुजूर तहसील तेजपति सिंह की एक वेतनवृद्धि रोकी गई हैं. जारी आदेश के अनुसार सतना जिले के रघुराजनगर के प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा की दो, प्रभारी तहसीलदार बिरसिंहपुर डॉ. शैलेन्द्र बिहारी शर्मा की एक एवं मऊगंज जिले के प्रभारी तहसीलदार मऊगंज वीरेन्द्र कुमार पटेल की दो वेतनवृद्धियाँ रोकी गई हैं. सीधी जिले के प्रभारी तहसीलदार सिहावल जयप्रकाश पाण्डेय, प्रभारी तहसीलदार बहरी इंद्रभान सिंह, प्रभारी तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला, प्रभारी तहसीलदार कुसमी नारायण सिंह तथा प्रभारी तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष कुमार मिश्रा की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई है. सिंगरौली जिले में प्रभारी तहसीलदार सिंगरौली प्रीति सिकरवार, प्रभारी तहसीलदार चितरंगी नागेश्वर प्रसाद पनिका तथा प्रभारी तहसीलदार माड़ा जान्हवी शुक्ला की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई है. कमिश्नर ने मैहर जिले के प्रभारी तहसीलदार मैहर जितेन्द्र पटेल एवं प्रभारी तहसीलदार अमरपाटन रामदेव साकेत की भी एक-एक वेतनवृद्धि रोकी है. कमिश्नर ने कहा है कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का तय समय सीमा में और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें.

# कलेक्टर के अवकाश पर जाते ही जनसुनवाई से मोह भंग

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई से धीरे-धीरे फिर मोह भंग होने लगा है. 1 हजार आवेदन लेकर जहा लोग पहुंचते थे वहा अब 450 आवेदन पहुंच रहे है.**



दरअसल नवागत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के द्वारा त्वरित निराकरण करने और उनकी कार्यशैली से जनता में विश्वास जगा था. लिहाजा हर मंगलवार को अपनी समस्या की निराकरण की आस लेकर लोग पहुंचते थे, निराकरण भी होता था. लेकिन कलेक्टर के अवकाश पर जाते ही जनसुनवाई पुराने ढर्रे पर आ गई. ऐसे में लोगो का मोह भंग होने लगा है. मंगलवार को बिजली, पानी, राजस्व से जुड़ी कई शिकायते लेकर लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे. प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारियों ने समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश दिये. पहले जिस तरह जनसुनवाई की स्थित थी उसी तरह अब स्थित बनती जा रही है. 50 से 60 आवेदन जनसुनवाई में पहुंचते थे. लेकिन निराकरण के बजाय केवल तारीख मिलती थी. लेकिन नवागत कलेक्टर के आने के बाद त्वरित निराकरण होने लगा तो लोग भी कलेक्ट्रेट पहुंचने लगे. अब पहले वाली स्थित बनती जा रही है.

### आज लगेगा मेला

**रीवा, 9 जून**, लोक कल्याण मेला' का आयोजन नगर निगम रीवा द्वारा 02 जून से 13 जून तक किया जा रहा है. इस आयोजन में नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन जोनवार शिविर के माध्यम से प्राप्त किये जायेगे. इस कड़ी में शिविर दिनांक 10 एवं 11 जून को न्यू बस स्टैण्ड वार्ड 15 में दोपहर 3 बजे 6 बजे तक आयोजित होगी. नगर निगम द्वारा अपील की गई कि हितग्राही पथ विक्रेता पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना हेतु आवेदन कर लाभ प्राप्त करें.

# डैम में डूबे सेना के जवान का 6 दिन बाद मिला शव

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, रीवा के सिलपरा डैम में 6 दिन से लापता सेना के जवान गौरव द्विवेदी का शव मंगलवार सुबह बरामद कर लिया गया है.**

एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ सहित स्थानीय प्रशासन की टीमों ने संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाकर शव को बाहर निकाला. जवान पिछले बुधवार को डैम में नहाते समय डूब गए थे. जानकारी के अनुसार बघवार गांव निवासी सेना के जवान गौरव द्विवेदी बीते बुधवार सुबह अपने भाई-बहनों के साथ सिलपरा डैम घूमने गए थे. डैम में नहाने के दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गहरे पानी में चले गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने उनकी तलाश शुरू कर दी थी. लगातार प्रयासों के बाद भी जब सफलता नहीं मिली, तो सोमवार को प्रशासन ने नहर का पानी पूरी तरह से रोक दिया. इससे पानी की गहराई करीब 40 फीट तक कम हो गई. इसके बाद मंगलवार की सुबह 6 बजे से एनडीआरएफ आगरा की स्पेशल टास्क फोर्स और एसडीईआरएफ ने संयुक्त रूप से सघन अभियान शुरू किया. करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू अभियान के बाद सुबह 9 बजे जवान का शव पानी से बाहर निकाल लिया गया. शव मिलने की सूचना पाते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है.

# प्रदूषण की शिकायत मिलने पर राइस मिल पहुंची एसडीएम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, त्यौंथर जनपद के बरेठी कला गांव में संचालित राइस मिल से धूल एवं प्रदूषण संबंधी शिकायतों के प्रचार माध्यमों एवं स्थानीय नागरिकों के माध्यम से संज्ञान में आने पर अनुविभागीय अधिकारी त्यौंथर सुरभि जैन द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया.**



उन्होंने राइस मिल परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की स्थिति का अवलोकन कर ग्रामीणों से चर्चा की तथा उनकी समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा राइस मिल संचालक को प्रदूषण नियंत्रण पर्यावरण संबंधी एवंनिर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए. एसडीएम द्वारा संबंधित विभागों प्रदूषण नियंत्रण, राजस्व एवं स्थानीय निकाय के अधिकारियों को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने तथा यदि किसी प्रकार की अनियमितता या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. विगत दिनों तेज आंधी के दौरान राइस मिल परिसर का टीन शेड गिरने से रहवासियों को आर्थिक क्षति हुई थी. राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6(4) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार राहत राशि स्वीकृत एवं वितरित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश एसडीएम ने दिये. निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, संबंधित पटवारी एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी उपस्थित रहे.

# वार्डो में पहुंचकर अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देश पर नगर निगम के सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचे और शिकायते सुनी.**

सी एम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, टी.एल. पत्रों एवं विभिन्न माध्यमों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद कराने की कार्यवाही की गई. निगम आयुक्त के निर्देशानुसार फील्ड का समस्त अमला पूरे दिन वार्डों एवं मोहल्लों में सक्रिय रहा. अधिकारियों द्वारा नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को मौके पर समझा गया तथा संबंधित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई. इस दौरान वार्ड क्रमांक 2 में टूटी हुई पुल की शिकायत पर सुधार कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किया गया. इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 44 महाजन टोला में अवैध प्लाटिंग की शिकायत स्थल पर पहुंचे.

# मछली मारने पर 15 अगस्त तक रहेगा प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, वर्षाकाल का आरंभ मछलियों का प्रजनन काल होता है. इसे ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने जिले के सभी जलाशयों में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली मारने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं.**

इस अवधि में मछली का शिकार, विनिमय तथा परिवहन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा. यह आदेश मध्यप्रदेश नवीन मत्स्योद्योग नियम 1972 के तहत जारी किया गया है. प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर एक वर्ष के कारावास अथवा पांच हजार रुपए के जुर्माने या दोनों से दण्डित किया जाएगा. प्रतिबंध की अवधि में कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट न करे. नियम का पालन करे.

# शराब की खेप के साथ दो पैकार गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जून, पुलिस ने रीवा शहर में घूम घूमकर पैकारी करने वाले दो शतिर पैकार को पकड़ा है. पुलिस ने इन पैकारों के कब्जे से लगभग 70 से 80 लीटर शराब जप्त की है.**

आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जा रही है.दरअसल यह कार्यवाही समान थाना प्रभारी विजय सिह ने सोमवार की दोपहर की है. थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुये बताया कि मुखबिर की सूचना पर लालन टोला के समीप घेराबदी कर बाइक से शराब की खेप लेकर जा रहे दो युवकों को पकड़ा गया.पूंछताछ में आरोपियों की पहचान शिवम साकेत व अंशू साकेत के रूप में हुई. मौके पर आरोपियों के पास से 9 पेटी में तकरीबन 70 से 80 लीटर कुल 422 पाव शराब जप्त की गई है जिसकी अनुमानित कीमत 40 हजार से अधिक आकी गई है. पूंछताछ में आरोपियों नें शराब की खेप गुढ़ की ओर से रीवा लाना बताया.

पुलिस के मुताबिक आरोपी घूम घूमकर पैकारी का काम करते थे. फिलहाल पुलिस नें मामला दर्ज कर लिया है और मामले को जांच में लेकर शराब की अवैध खेप के सोर्स का पता लगा रही है. उल्लेखनीय है कि शहर से लेकर गांव तक अवैध शराब की पैकारी धड़ल्ले से चल रही है. कार्यवाही न होने के कारण शराब तस्करी से जुड़े आरोपियों के हौंसले बुलंद है. शहर के अंदर कई ऐसे मोहल्ले है जहा खुलेआम अवैध पैकारी होती है.